**केन्द्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों/ सम्बध्द व अधीनस्थ कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ स्वायत्त निकायों आदि में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट.**

**31 दिसंबर, 2016 को समाप्त तिमाही**

**भाग -I (प्रत्येक तिमाही में भरा जाए )**

**कार्यालय का नाम : भारतीय कपास निगम लिमिटेड, नवी मुंबई**

**संबंधित राजभाषा अधिकारी का फोन नं :.एसटीडी कोड -022 फोन न. 27579217**

| 1. | राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत जारी कागजात *की स्थिति | | |
|---|---|---|---|
| | (क) | जारी कागजात की कुल संख्या | 87 |
| | (ख) | इनमें से केवल अंग्रेजी में जारी किए गए कागजात | शून्य |

*इनमें सामान्य आदेश, ज्ञापन,संकल्प,अधिसूचनाएँ, नियम,करार,संविदा, टेंडर नोटिस,संसदीय प्रश्न आदि शामिल हैं.

| 2. | हिंदी में प्राप्त पत्रों की स्थिति) राजभाषा नियम-5) | | |
|---|---|---|---|
| | (क) | हिंदी में प्राप्त कुल पत्रों की संख्या | 1402 |
| | (ख) | इनमें से कितनों के उत्तर हिंदी में दिए गए | 829 |
| | (ग) | इनमें से कितनों के उत्तर अंग्रेजी में दिए गए | शून्य |
| | (घ) | इनमें से कितनों के उत्तर दिए जाने अपेक्षित नहीं थे | 573 |

| 3. | अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दिए जाने की स्थिति (केवल 'क'एवं 'ख' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के लिए) | | |
|---|---|---|---|
| | | अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों की संख्या | इनमें से कितनों के उत्तर हिंदी में दिए गए |
| | | 1 | 2 |
| | 'क' क्षेत्र से | 30 | 25 (5 पत्र सूचनार्थ) |
| | 'ख' क्षेत्र से | 34 | 28 (6 पत्र सूचनार्थ) |

| 4. | भेजे गए कुल पत्रों का ब्यौरा | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | हिंदी/द्विभाषी में | केवल अंग्रेजी में | भेजे गए पत्रों की कुल संख्या | हिंदी/द्विभाषी में भेजे गए पत्रों का प्रतिशत |
| | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 'क' क्षेत्र को | 610 | 13 | 623 | 97.91 |
| | 'ख' क्षेत्र को | 641 | 20 | 661 | 96.97 |
| | 'ग' क्षेत्र को | 457 | 20 | 477 | 95.81 |
| | योग | 1708 | 53 | 1761 | 96.99 |

| 5. | फाईलों पर हिंदी में कार्य: | | |
|---|---|---|---|
| | (क) | हिंदी में लिखी गई टिप्पणियों की संख्या. | 2219 |
| | (ख) | अंग्रेजी में लिखी गई टिप्पणियों की संख्या | 144 |
| | (ग) | तिमाही के दौरान लिखी गई टिप्पणियों की कुल संख्या. | 2363 |
| | (घ) | हिंदी में लिखी गई टिप्पणियों का प्रतिशत | 93.91 |

| 6. | **हिंदी कार्यशालाएँ** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | तिमाही के दौरान कार्यशाला आयोजन की तिथि एवं संख्या | प्रशिक्षण की अवधि (घंटों में) | प्रशिक्षित अधिकारियों की संख्या | प्रशिक्षित कर्मचारियों की संख्या | कुल संख्या |
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | **06.12.2016 (1)** | **6** | **8** | **20** | **28** |

| | | |
|---|---|---|
| 7. | **विभागीय/ संगठनीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के आयोजन की तिथि** | **01.12.2016**<br>**अनुलग्नक-'क'** |

| 8. | **हिंदी सलाहकार समिति की बैठक के आयोजन की तिथि** | |
|---|---|---|
| | **पहली बैठक--** | **लागू नहीं** |
| | **दूसरी बैठक--** | **लागू नहीं** |

| 9. | **शीर्षस्थ (मंत्रालय/विभाग में संयुक्त सचिव स्तर तथा अन्य कार्यालयों आदि में प्रशासनिक प्रमुख/कार्यालय प्रमुख स्तर की अध्यक्षता में आयोजित बैठकें (प्रशासनिक बैठकें)** | | |
|---|---|---|---|
| | (क) | तिमाही के दौरान हुई शीर्षस्थ प्रशासनिक बैठकों की संख्या | **86** |
| | (ख) | ऐसी कितनी बैठकों में वार्तालाप/कार्रवाइयाँ पूरी तरह हिंदी में की गई | **86** |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | **तिमाही के दौरान विशिष्ट उपलब्धियाँ** | **अनुलग्नक-'ख.' एवं 'ग'** |

**उल्लिखित सूचना उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर बनाई गई है तथा मेरी जानकारी के अनुसार सही है।**

| | |
|---|---|
| **मंत्रालय/विभाग संगठन की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष के हस्ताक्षर** | (हस्ताक्षर) |
| **अध्यक्ष का नाम** | **(एम.एम.चोक्कलिंगम )** |
| **पदनाम** | **अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (प्रभारी)** |
| **फोन नंबर** | **27579217/27576088** |
| **फैक्स नंबर** | **27579219** |
| **ई-मेल का पता** | **dmktg@cotcorp.com** |

नोट -:यह रिपोर्ट विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष से हस्ताक्षरित न होने पर लौटा दी जायेगी । कोई भी कॉलम खाली न छोड़ा जाए और सूचना स्पष्ट रूप से दी जाए ।

<u>अनुलग्नक 'क'</u>

# भारतीय कपास निगम लिमिटेड, नवी मुंबई

## 01 दिसंबर, 2016 को सुबह 11.30 बजे आयोजित विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त.

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (प्रभारी) की अध्यक्षता में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 01.12.2016 को सुबह 11.30 बजे कपास भवन, 5वीं मंजिल पर स्थित बोर्ड रूम में आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित थे :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री एम.एम.चोक्कलिंगम, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (प्रभारी) | अध्यक्ष |
| 2 | श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल, निदेशक (वित्त) | सदस्य |
| 3 | श्री मनोज बजाज, मुख्य महा प्रबंधक(वित्त) | सदस्य |
| 4 | श्री एस.के.पाणीग्राही, मुख्य महा प्रबंधक(वाणिज्य/मासंवि) | सदस्य |
| 5 | श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता, महा प्रबंधक(वित्त/राजभाषा) | सदस्य |
| 6 | श्री अतुल काला, महा प्रबंधक (क्रय) | सदस्य |
| 7 | श्री एन.एन.कुट्टी, सलाहकार (मासंवि) | सदस्य |
| 8 | श्री संजय कुमार, उप महा प्रबंधक (सतर्कता) | सदस्य |
| 9 | श्री अजय कुमार, उप महा प्रबंधक(प्रशा/सू.प्रौ) | सदस्य |
| 10 | श्रीमती भावना बिसेन, प्रबंधक (सतर्कता) | सदस्य |
| 11 | श्रीमती सरोजा, प्रबंधक(अंभनि), | सदस्य |
| 12 | श्री एकनाथ इंगले, प्रबंधक, संपदा | सदस्य |
| 13 | श्री राजेन्द्र शाह, प्रबंधक (प्रशा/लेखा) | सदस्य |
| 14 | श्री जफर रिजवानी, कंपनी सचिव | सदस्य |
| 15 | श्री राजबीर भुल्लर, उप प्रबंधक (संपदा) | सदस्य |
| 16 | श्री अभिषेक जैन, उप प्रबंधक (के.लेखा) | सदस्य |
| 17 | श्री रजीश रामचंद्रन, उप प्रबंधक (मासंवि) | सदस्य |
| 18 | श्रीमती नैना मसंद, सहायक प्रबंधक (हिंदी) | सदस्य सचिव |
| 19 | श्री के.एस.संसारे, सहायक प्रबंधक (प्रोटोकॉल) | आमंत्रित |
| 20 | श्री मनीष रावत, सहायक प्रबंधक (सू.प्रौ) | आमंत्रित |
| 21 | सुश्री प्रिया पांडे सहायक प्रबंधक(कराधान) | आमंत्रित |
| 22 | श्री गौरव मिहिर, सहायक प्रबंधक(विक्रय) | आमंत्रित |
| 23 | श्री अनुराग सिंगला, सहायक प्रबंधक(क्रय) | आमंत्रित |
| 24 | श्री आर.पी.फडतरे, ऑनरेरी ऑफिसर | आमंत्रित |

राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती साधना त्रिपाठी, सहायक निदेशक (कार्या), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, नवी मुंबई उपस्थित थीं ।

श्री एल.के.गुप्ता, मुख्य महा प्रबंधक(विपणन), श्री साईं आदित्य, उप प्रबंधक (विक्रय) छुट्टी पर और श्री प्रांजल जोशी, उप महा प्रबंधक (विक्रय संवर्धन) कार्यालयीन दौरे पर तथा श्री एस.के.बंसल, उप प्रबंधक (परियोजना) कार्यालयीन व्यस्तता के कारण बैठक में उपस्थित नहीं हो सके ।

4. **क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय द्वारा शा.का. राजकोट का निरीक्षण- 30.08.2016**

डॉ. सुनीता यादव, उप निदेशक(कार्या.), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, राजभाषा विभाग, नवी मुंबई द्वारा दि.30.08.2016 को शाखा कार्यालय राजकोट में हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित कार्य का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान उप निदेशक(कार्या.) ने पाया कि शाखा कार्यालय राजकोट में सभी कार्मिक अपना कार्यालयीन कार्य हिंदी में कर रहे हैं तथा शाखा में हिंदी का कार्यान्वयन सराहनीय पाया गया ।

5. **सदस्य सचिव, नराकास भटिंडा द्वारा शा.का. भटिंडा का निरीक्षण- 20.09.2016**

डॉ.शिल्पा पाण्डेय, सदस्य सचिव, नराकास भटिंडा द्वारा दि.20.09.2016 को निगम के शाखा कार्यालय भटिंडा में हिंदी कार्यान्वयन से संबंधित कार्य का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान सदस्य सचिव महोदय ने पाया कि शाखा कार्यालय भटिंडा में समस्त कार्यालयीन कार्य हिंदी में किया जा रहा है तथा हिंदी का कार्यान्वयन बहुत अच्छा हो रहा है।

6. **नवी मुंबई नराकास के तत्वावधान में वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन - 27.10.2016**

नवी मुंबई नराकास के तत्वावधान में भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के सहयोग दिनांक 27.10.2016 को वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें नवी मुंबई नराकास के अधिकांश सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया । इस संगोष्ठी में भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के 4 वैज्ञानिकों ने उक्त संस्थान द्वारा शोध की गई गतिविधियों से संबंधित जानकारी हिंदी भाषा में विस्तृत से बताया, जिससे सभी सदस्य कार्यालय लाभान्वित हुए ।

7. **अध्यक्ष की अनुमति से अन्य कोई विषय:**

i) महा प्रबंधक (वित्त/राजभाषा) ने समिति को बताया कि संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य उप समिति द्वारा दिनांक 05.09.2016 को निगम के मुख्यालय सहित नवी मुंबई नराकास के 9 सदस्य कार्यालयों के साथ हिंदी के कार्यान्वयन का निरीक्षण एवं विचार विमर्श किया गया । निरीक्षण के दौरान समिति द्वारा दिए गए सुझावों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया । इस पर अध्यक्ष महोदय निदेश दिया कि उक्त सुझावों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए मुख्यालय तथा शाखा कार्यालयों के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परिपत्र द्वारा तत्काल सूचित किया जाए ।

अनुलग्नक 'ख'

# राजभाषा संगोष्ठी

निगम के मुख्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हिंदी के प्रति चेतना बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्य महा प्रबंधक, श्री मनोज बजाज की अध्यक्षता में दिनांक 29 दिसंबर, 2016 को 'सरकारी कामकाज में सरल एवं सहज हिंदी' विषय पर राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इस संगोष्ठी में केन्द्रीय अनुवाद ब्युरो के केंद्र प्रभारी को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया । सर्वप्रथम श्री मनोज बजाज ने वक्ता का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया । इस अवसर पर श्री नरेश कुमार ने सरकारी कामकाज में सरल और सहज हिंदी के कई आवश्यक पहलुओं पर चर्चा आरंभ की तथा राजभाषा हिंदी के कार्य करने के दौरान आनेवाली कठिनाईयों के समाधान के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए । कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक (हिंदी) ने किया ।

अंत में श्री राजेन्द्र शाह, प्रबंधक(लेखा) ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

*********

अनुलग्नक 'ग'

# निबंध प्रतियोगिता

भारतीय कपास निगम लिमिटेड नवी मुंबई नराकास की छ:माही बैठकों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों का भी आयोजन करता आ रहा है । इसी श्रृखंला में नवी मुंबई नराकास के तत्वावधान में कोंकण रेलवे कार्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से 21 दिसंबर, 2016 को **"बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ तथा हिंदी के विकास में यूनिकोड का योगदान"** विषयो पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न सदस्य कार्यालयों से लगभग 33 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया तथा विजयी प्रतिभागियों को आगामी नराकास की छ:माही बैठक में सम्मानित भी किया जाएगा । यह हिंदी भाषा तथा हिंदीतर भाषी के क्रमश: प्रथम, द्वितीय, तृतीय व प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएगें ।

*********